**खबर संक्षेप**

## उच्च न्यायालय के अवमानना प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित

**मण्डला।** कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के अवमानना प्रकरणों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह ने विभागवार, प्रकरणवार स्टेटस की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अवमानना के प्रत्येक प्रकरण में जवाब प्रस्तुत करें। न्यायालय से संबंधित प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। अवमानना के साथ-साथ रिट पिटीशन के प्रकरण में भी समय पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित कार्यालय प्रमुखों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर जेपी यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कराया गया महिलाओं का रक्त परीक्षण

**मण्डला।** मण्डला विकासखंड की ग्राम पंचायत जंतीपुर के पंचायत भवन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं की रक्त जाँच कराई गई। स्वयंसिद्ध इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडीकल कॉलेज महाराजपुर के सहयोग से ग्राम पंचायत द्वारा यह आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं के रक्त के नमूने लेकर एचबी की जांच की गई। कम हीमोग्लोबिन वाली महिलाओं को आयरन की दवा का भी पंचायत की ओर से वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत जंतीपुर के सरपंच श्री संतलाल मरावी, पैरामेडीकल कॉलेज से डॉ. समीर साहू, डॉ. श्रीमती पारूल साहू, सुश्री अमीशा विश्वकर्मा, सुश्री शीतल उईके, श्रीमती वर्षा तिवारी सहित कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित थे।

### केबिनेट मंत्री सम्पतिया उइके ने शासन की योजनाओं का किया बखान

# सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने लिये निर्णय

*** अहमदपुर में हुआ महिला दिवस का कार्यक्रम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि संपूर्ण प्रदेश 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है। इस अवसर पर महिलाओं के द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें सम्मानित किया जा रहा है। जिससे महिलाएं आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र में सामर्थ्य, सशक्त और समृद्ध बन सकें। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके शनिवार को ग्राम पंचायत अहमदनगर जिला मंडला में लघुधारक किसान अनुकूलित खेती और जैव विविधता नेटवर्क द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके के आगमन पर उनका फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बालिकाओं एवं महिलाओं के द्वारा लोकनृत्य व लोकनाटक प्रस्तुत किए गए। बालिकाओं एवं महिलाओं के द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य और लोकनाटक ने उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया, तालियों की गड़गड़ाहट से संपूर्ण कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने लोकनृत्य एवं लोकनाटक प्रस्तुत करने वाले बालिकाओं और महिलाओं को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। जिससे महिलाएं सशक्त बनकर समृद्धि की ओर अग्रसर हुई हैं। उन्होंने बताया कि पंचायती राज एवं नगरीय निकायों में महिलाओं को प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। इससे समाज में पुरूष और महिलाओं में समानता का संदेश गया है। पंचायती राज में महिलाओं की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत सुनिश्चित की गई है। उन्हें शासकीय सेवाओं में भी अवसर प्रदान किया जा रहा है। इससे महिलाएं इन क्षेत्रों में निर्णय लेने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आज महिलाएं शासन, प्रशासन, सामाजिक और विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि रानी दुर्गावती, रानी अहिल्या बाई होल्कर, झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई, रानी अवंती बाई, इंदिरा गाँधी, कल्पना चावला, द्रोपती मुर्मू जैसी महिलाएं महिला सशक्तीकरण की उदाहरण हैं। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित हैं। इस अवसर पर बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का भी नारा दिया गया। जिससे समाज में बेटा और बेटी के अंतर को कम न समझा जाए। उन्होंने बताया कि बेटी जब शिक्षित होती है तो वह दो परिवारों को शिक्षित करती है, एक मायका और दूसरा उसका ससुराल, इसलिए बेटियों को जरूर पढ़ाएं और उनके संकल्पों को पूरा करें।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि ग्राम पंचायत अहमदपुर की सभी गलियों में पक्की सीसी रोड बनाकर गलियों को कीचड़मुक्त की जाएंगी। रंगमंच, पक्की नालियों और पुल-पुलियों का निर्माण किया जायेगा। ग्राम पंचायत अहमदपुर में सार्वजनिक कार्यों के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। ग्रामीणों को निस्तार के लिए एक तालाब का भी निर्माण किया जायेगा। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने ग्राम पंचायत अहमदपुर के क्षेत्र की महिलाओं के लिए रोजगार स्थापित करने के लिए लघु उद्योग निर्माण करने की घोषणा की। लघु उद्योग का निर्माण कर महिलाओं को आचार बनाना, पापड़ बनाना, दुग्ध उत्पादन, मुर्गीपालन इत्यादि उद्योगों के बारे में प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ा जायेगा।





# चरित्र संदेह पर पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

भुआबिछिया थाना अन्तर्गत ग्राम माझीपुर में संतोष मरावी ने अपनी पत्नी साधना की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी. हत्या के बाद शव को घर से करीब 100 मीटर दूर खेत में ले जाकर छोड़ दिया. मौके पर पहुंची पुलिस को आरोपी पति संतोष गुमराह करता रहा, लेकिन पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ की तो हत्या करना स्वीकार लिया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार माझीपुर जिला मंडला में रहने वाला संतोष मरावी उम्र 35 वर्ष अपनी पत्नी साधना उम्र 30 वर्ष के चरित्र पर संदेह करता रहा. कई बाद दोनों के बीच लड़ाई भी हुई थी, बीती रात भी दोनों के बीच इसी बात को लेकर विवाद हुआ. विवाद इतना बढ़ा कि संतोष ने पत्नी साधना की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी. हत्या के बाद लाश को घर के समीप एक खेत में ले जाकर छोड़ दिया. सुबह जब ग्रामीणों ने साधना को खून से लथपथ मृत हालत में देखा तो स्तब्ध रह गए।

साधना की लाश मिलने की खबर गांव में आग की तरह फैल गई, देखते ही देखते कई लोग एकत्र हो गए. मौके पर पहुंची पुलिस को पूछताछ में पति संतोष ने कहा कि पत्नी सुबह शौच के लिए गई थी, इस दौरान किसी ने उसपर हमला कर दिया. पुलिस को लगा कि पति संतोष गुमराह कर रहा है. पुलिस ने जब संतोष से सख्ती से पूछताछ की तो उसने पत्नी की हत्या करना स्वीकार लिया. पुलिस ने पति संतोष को गिरफ्तार कर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाकर प्रकरण दर्ज कर लिया है।



# कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने झील महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया

*** यह महोत्सव 29 मार्च से 13 अप्रैल 2025 तक आयोजित किया जाएगा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बीजाडांडी विकासखंड के ग्राम देवरी में पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के द्वारा आयोजित किए जाने वाले झील महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। यह महोत्सव 29 मार्च से 13 अप्रैल 2025 तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि झील महोत्सव की तैयारियों को समय-सीमा में पूरा करें। उन्होंने महोत्सव में वाटर स्पोटर्स की राइड्स, फ्लोटिंग स्टेज, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी आदि की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि यह महोत्सव स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए एक बड़ा आकर्षण का केंद्र होगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, एसडीएम निवास शाहिद खान, सीईओ जनपद पंचायत बीजाडांडी वासंती दुबे सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में श्री सिद्ध चक्र महा मंडल विधान.............................



**मण्डला।** श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जी में श्री सिद्ध चक्र महा मंडल विधान आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के आर्शीवाद से ब्रह्मचर्य व्रत धारण किया दशम प्रतिमाधारी प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रहमचारी अभय भैया जी के सानिध्य में प्रतिदिन अभिषेक पूजन पाठ आरती प्रवचन श्री भक्तामर जी का पाठ 48 दीपकों से साथ ही नंदीश्वर भक्ति भी प्रतिदिन रात्रि में हो रही है समाज के सभी श्रावकगण अधिक से अधिक धर्म लाभ ले रहे हैं। कल सिद्ध चक्र महा मंडल पश्चात राजा श्री पाल जी और मैना सुंदरी से गंदोदक लेते हुए ब्र. अभय भैया जी सभी मुख्य पात्रों सौधर्म ने भी इस अवसर का लाभ उठाया साथ ही श्रावक गण ने भी इसका लाभ लिया। श्री भक्तामर जी पाठ के आज के पुण्र्याजक दादी परिवार मंडला हैं।






## जिलें की 270586 लाड़ली बहनों के बैंक खाते में पहुँची 33.25 करोड़ हितलाभ राशि

सिवनी

8 मार्च 25/मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित हुए राज्यस्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहन योजना की 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में माह मार्च की किश्त 1552.73 करोड़ रुपए एवं 26 लाख बहनों को सिलेंडर रिफिलिंग राशि 55.95 करोड़ रुपए अंतरित की। योजना अंतर्गत सिवनी जिले की 270586 महिला हितग्राहियों के खाते में 33.25 करोड़ की राशि प्राप्त हुई।




**खबर संक्षेप**

### धारणाधिकार के तहत 6974671 रुपए वसूली हेतु 7 हितग्राहियों को अंतिम सूचना जारी

**डिंडौरी न्यूज़।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशानुसार धारणाधिकार के तहत स्वीकृत प्रकरण में वसूली हेतु शेष हितग्राहियों को अंतिम सूचना जारी की गई है। जारी सूचना अनुसार धारक चित्रा पति रमेश सेंगर सूबखार माल से 1029910 रुपए, सावित्री पति चेतराम मरावी डिंडौरी से 1388970 रुपए, नाजिमा शेलानी पति इमामुद्दीन सूबखार माल से 424749 रुपए, हबीबउर रहमान पिता अ. मुहीद खान सूबखार माल से 1059561 रुपए, अनिल डोंगरे पिता गोरेलाल डोंगरे डिंडौरी से 1824041 रुपए, फ़हमिदा निगार पति रफीक खान सूबखार माल से 1245440 रुपए वसूली बाकी है। इस प्रकार कुल 7 हितग्राहियों से 6974671 रुपए शेष वसूली के लिए अंतिम सूचना दी गई है। अपर कलेक्टर श्री सुनील शुक्ला ने बताया कि इन हितग्राहियों को पूर्व में भी सूचना देकर वसूली की गयी है, परन्तु आज दिनांक तक शत-प्रतिशत वसूली नहीं हो पाई है। अतः अब अंतिम सूचना के बाद यदि 3 दिवस में हितग्राही राशि जमा नहीं कराते तो इनके विरूद्ध अतिक्रमण एवं कुर्की की कार्यवाही की जाएगी।

### मझगवां के जंगल में आग लगाने पर एक गिरफ्तार

**अनूपपुर।** जंगल में आग लगाने वाले एक व्यक्ति को वनविभाग द्वारा गिरफ्तार कर उसके पास से सामग्री जप्त करते हुए प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार वन परिक्षेत्र अनूपपुर अंतर्गत दैखल पश्चिम बीट के कक्ष क्रमांक पीएफ 409 में 7 मार्च की दोपहर 55 वर्षीय मेघई कोल पिता मायाराम कोल निवासी मझगवां थाना भालूमाड़ा जंगल के अंदर एवं बाहर आग लग रहा था तभी सूचना मिलने पर बीट गार्ड दैखल पश्चिम दुर्गेश कुमार पटेल अपने सुरक्षा श्रमिकों के साथ मेघई कोल को अपनी अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करते हुए उसके पास से एक माचिस एवं मवेशी चराने के लिए रखें डंडा को जप्त करते हुए आरोपी के विरुद्ध भारतीय वन संरक्षण अधिनियम 1927 की धारा 33(1)घ, ड के तहत प्रकरण दर्ज करते हुए परिक्षेत्र सहायक फुनगा रमेश प्रसाद पटेल एवं वनरक्षक राकेश रौतेल के साथ अनूपपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

### वन भूमि पर नलकूप खनन करने वाले के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध

**कोतमा।** वन परिक्षेत्र कोतमा के सेमरा बीट अंतर्गत फुलवारी टोला गांव में रामनरेश चौधरी पिता गोपाल दास चौधरी द्वारा वन भूमि पर अपने बाडी में नलकूप खनन करवाया गया था, जिसकी शिकायत वन अधिकारियों को किए जाने पर जांच के दौरान पाया कि रामनरेश चौधरी द्वारा अवैध रूप से वन भूमि पर बोर मशीन के द्वारा अपने बाडी वनभूमि में बोर कराया गया था, मौके पर वन अमला पहुंचकर पंचनामा तैयार किया गया था। वन अधिकारी डिप्टी रेंजर तुलसीदास नापित ने बताया कि रामनरेश चौधरी पिता गोपाल दास चौधरी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पी यू आर क्रमांक 4754/ 21 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है वही बोर मशीन संचालक की तलाश जारी है, वन विभाग बोर मशीन को जल्द ही जप्त कर लेगा।

### पार्टी से 'आउट' हुये कांग्रेसियों की ऐंट्री पर प्रदेशाध्यक्ष का 'बैन'

**अनूपपुर।** इन दिनों मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री का एक पत्र सोशल मीडिया मे तेजी से वायरल है जो कांग्रेस पार्टी से बाहर किये गये कांग्रेसियों के लिए काफी पीडादायक है क्योंकि जो व्यक्ति अपनी ही पार्टी से विश्वासघात के कारण कांग्रेसी पार्टी से निष्कासित हो चुके हैं वे समय देखकर दोबारा चुपके चुपके पार्टी मे अपनी फिर से पैठ बनाते हुये पार्टी की गतिविधियों मे शामिल होकर अपने आपको वफादार कांग्रेसी होने का ढिंढोरा पीट रहे हैं। ऐसे मे मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री के हवाले से 6 मार्च को जारी हुआ आवश्यक निर्देश जिसमे लिखा गया है।

# महिलाओं को अवसर देकर देखिए वे हर क्षेत्र में अपनी क्षमता और कौशल से राष्ट्र का नाम रोशन करेंगी : सांसद कुलस्ते

सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते की मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम कलेक्ट्रेट खेल परिसर में आयोजित किया गया।







**डिंडौरी।**

उक्त कार्यक्रम में शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, डिंडौरी विधायक ओमकार मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, मातृशक्ति के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अंजू ब्यौहार, जिला पंचायत सदस्य ज्याति प्रकाश धुर्वे, जिला पंचायत सदस्य हीरा रूद्रेश परस्ते, जनपद पंचायत अध्यक्ष डिंडौरी आशा धुर्वे, नगर परिषद उपाध्यक्ष सारिका नायक, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रामकिशोरी ठाकुर, जनपद पंचायत सदस्य कीर्ति गुप्ता, रूपाली जैन सहित अन्य महिला जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर नेहा मारव्या, पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, महिला बाल विकास अधिकारी श्याम सिंगौर सहित अन्य अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका देखी जा रही है, स्थानीय प्रशासन में सरकार द्वारा 50 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को दिया गया है जिससे निर्णय करने में महिलाएं अपनी भूमिकाएं निभा रहीं है। 1975 से महिला दिवस का आयोजन किया जा रहा है। आज फाइटर प्लेन, सहित अन्य उपकरणों को महिलाएं चला रहीं हैं बहनों की ताकत पर प्रश्न चिन्ह नहीं लगाया जा सकता। महिलाओं की भागीदारी सभी क्षेत्रों में बराबर है। अपने संबोधन में सांसद कुलस्ते ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज, पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन, दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता, लहरी बाई सहित अन्य क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त महिलाओं के राष्ट्र के प्रति योगदान का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अवसर देकर देखिए वे हर क्षेत्र में अपनी क्षमता और कौशल से राष्ट्र का नाम रोशन करके दिखाएंगी। मातृशक्ति की क्षमता को चुनौती नहीं दी जा सकती, उनके ही योगदान से एक बेहतर समाज का निर्माण होता है। सभी महिलाएं स्वयं में निहित ऊर्जा का उपयोग कर मिलकर विकास कार्य में अपनी योगदान दें।

शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं का सम्मान करना वेद पुराणों में वर्णित है, वेदों में लिखा गया है कि जहां महिलाओं की पूजा होती है वहीं देवताओं का वास होता है। घर के सभी निर्णयों में महिलाओं की भूमिका अग्रणी है, जहां महिला का सम्मान होता है वही परिवार सुखी परिवार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला सशक्तिकरण के लिए जो प्रयास किए हैं वह उत्साह देने वाले हैं। महिला दिवस का दिन महिलाओं की प्रगति का उत्साहवर्धन करने का दिन है, यह दिन विशेष क्षेत्र में महिलाओं को सम्मनित करने का दिन है। आज शासन की योजनाओं से महिलाओं की भूमिका हर क्षेत्र में बडी है। उन्होंने अपने संबोधन में महिला आरक्षण, सेना में महिलाओं की भूमिका, लाडली बहना, लाडली लक्ष्मी योजना सहित अन्य योजनाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महिला दिवस पर सभी महिलाओं के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करें, यह मातृशक्ति का दिन है।

डिंडौरी विधायक ओमकार मरकाम ने महिला दिवस को शक्ति दिवस की संज्ञा देते हुए कहा कि हमें महिला शक्ति को नमन करना चाहिए। भारत देश को मां के रूप में पूजा जाता है, मातृशक्ति ही विश्व की सबसे बडी शक्ति है। कलेक्टर नेहा मारव्या ने अपने संबोधन में कहा कि मातृशक्ति को समाज का आधार बताते हुए कहा कि मां के द्वारा ही अच्छे संस्कारों से समाज का निर्माण होता है, महिलाएं समाज का स्टील फ्रेमवर्क है। पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हर दिन महिलाओं का दिन है, महिला वह धुरी है जिससे विश्व का संचालन होता है, महिला और पुरूष में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है, महिलाएं स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनें।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं के अधिकार के बारे में बताया गया। साथ ही विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन समस्त गणमान्य अतिथियों के द्वारा किया गया। अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उपस्थित महिलाओं को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

## जिला न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन






**डिंडौरी।**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान नेशनल लोक अदालत एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर पोर्टफोलियो न्यायमूर्ति अचल कुमार पालीवाल के मुख्यातिथ्य में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशएम एस ए अंसारी, कलेक्टर नेहा मारव्या, पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह, जिला न्यायाधीश गिरजेश सनोडिया, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कमलेश सोनी, प्रधान न्यायाधीश एम एल राठौर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव आशीष कुमार केशरवानी, जिला रजिस्ट्रार उत्कर्ष राज सोनी, प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री मोहसिना खान, प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री रिया डेहरिया एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष लोकेश पटेरिया सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर पोर्टफोलियो न्यायमूर्ति अचल कुमार पालीवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज महिला दिवस के अवसर पर इस वर्ष की पहली लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, लोक अदालत में आपसी राजीनामा के माध्यम से आमजन के समय और धन की बचत संभव है। महिला दिवस के अवसर पर हमें यह सोचना होगा कि महिला उत्पीडन के कारण क्या हैं और उसे कैसे रोक सकते हैं। यदि सभी महिलाओं की सोच एक समान हो जाए तो महिला उत्पीडन नहीं होगा। यदि महिलाएं संवेदनशील होंगी, शारीरिक , आर्थिक और मानसिक रूप से सशक्त होगीं तो महिलाओं के प्रति अपराध नहीं होंगी, इसलिए महिलाओं को मानसिक रूप से आत्मविश्वासी होना होगा, सशक्त महिलाओं से ही विश्व सशक्त बनता है। उन्होंने इस अवसर पर महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एम एस ए अंसारी ने अपने संबोधन में लोक अदालत के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि आज आयोजित लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निराकरण सभी के प्रयासों से किया जाएगा। अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश एम ए अंसारी ने कहा कि हमारे देश में नारी की पूजा की जाती है। फिर भी महिलाओं के अधिकारों के प्रति हमें जागरूक करने की आवश्यकता है। पुरूष समाज को भी अपनी भावना और व्यवहार नियंत्रण करना होगा, जिससे महिला अपराधों में कमी आएगी। बेटों को अच्छा व्यवहार सिखाना हम सब का कर्तव्य है, सामाजिक तौर पर समस्त निर्णयों में महिलाओं की सहभागिता को शामिल करना होगा, जिससे एक स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है।

कलेक्टर नेहा मारव्या ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व में मां का पद सबसे सशक्त पद होता है। महिलाओं में ही सृजन की शक्ति समाहित है मां से ही बच्चों को संस्कार मिलते हैं, मां के द्वारा दिए गए संस्कार से समाज का निर्माण होता है। महिलाओं को आत्मचिंतन कर देखने की आवश्यकता है कि बच्चों का निर्माण किस प्रकार करतीं हैं। मां के रूप में निभाई उचित भूमिका के माध्यम से समाज में महिला अपराध के प्रति शिकायतें नहीं आएंगी।

पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह ने अपने संबोधन में मातृ शक्ति को समाज के लिए तोहफे की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि मां, बेटी, बहन आदि सभी भूमिकाओं में महिलाएं संतुलन बनाकर अच्छा कार्य कर रहीं हैं और आगे बढ रहीं हैं।

मातृ शक्ति का किया सम्मान

कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा पाटनगढ के गोंडी चित्रकारी में प्रसिद्धि प्राप्त श्रीमती गीता पट्टा और चम्पा बाई को महिला दिवस के अवसर पर मंच से सम्मानित किया गया।

### ई-सेवा केन्द्र का किया लोकार्पण

जिला न्यायालय परिसर में ई-सेवा केन्द्र का लोकार्पण मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति श्री अचल कुमार पालीवाल ने किया। ई-सेवा केन्द्र मे माध्यम से न्यायालय कक्षों तथा वाद सूची की जानकारी, प्रकरण की स्थिति, अगली तारीख और अन्य विवरणों के बारे में जानकारी आदि सेवाएं आमजन को प्राप्त हो सकेंगी।



## राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

**डिंडौरी।** कलेक्टर नेहा मारव्या के निर्देशन में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग की समीक्षा आयोजित की गई। जिसमें राजस्व विभाग के विभिन्न बिन्दुओं पर राजस्व अधिकारियों से जानकारी ली गई। जिसके तहत रिकार्ड सुधार, नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती, फार्मर रजिस्ट्री, आधार से खसरा लिकिंग, ईकेवायसी आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई। उन्होंने समस्त बिन्दुओं के तहत लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर श्री रामबाबू देवांगन, समस्त तहसीलदार, समस्त नायब तहसीलदार सहित राजस्व संबंधी अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में एसडीएम और तहसीलदारों से फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों की समीक्षा करते हुए, आरबीसी प्रकरण, धारणाधिकार, लंबित न्यायलीन प्रकरण, वक्फ संपत्ति की जानकारी, अतिक्रमण की स्थिति, नमभूमि की जानकारी, शासन संधारित मंदिरों की जानकारी सहित अन्य मुद्दों पर विस्तृत जानकारी ली और तत्संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भू-राजस्व वसूली के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए बकायादारों की सूची बनाकर वसूली कार्य को प्राथमिकता से पूरा करें। राशि जमा न किए जाने की स्थिति में आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

## क्षेत्र के विकास कार्य के लिए हमारी सरकार हर प्रयास करेगी: मंत्री दिलीप जायसवाल

### करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का हुआ भूमि पूजन

**अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कोतमा विधानसभा के राजनगर ग्रामीण एवं बिजुरी मंडल में 7 मार्च 2025 को आयोजित कार्यशाला एवं भाजपा जिला अध्यक्ष के स्वागत सम्मान समारोह में पहुंचे भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम का भव्य स्वागत भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल की उपस्थिति रही।

### अत्योदय के सपने को साकार कर रही भाजपा सरकार

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा क्षेत्र के विकास कार्य के लिए हमारी सरकार हर प्रयास करेगी विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा अंतोदय के सपने को साकार करने की दिशा में हमारी भाजपा सरकार तेज गति से कार्य कर रही है जिसका परिणाम जमीनी स्तर पर दिखाई दे रहा है। भाजपा कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियां को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के बनने से संगठन के कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार हुआ है जिसका लाभ आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा। हम सबको मिलकर देश और प्रदेश का विकास करना है।

### नई ऊर्जा के साथ करेंगे संगठन का कार्य

कोतमा विधानसभा क्षेत्र के राजनगर ग्रामीण मंडल के सामुदायिक भवन में मंडल अध्यक्ष सुषमा जोशी एवं बिजुरी मंडल के अतुल्य पैलेस में बिजुरी मंडल अध्यक्ष रविंद्र शर्मा के द्वारा आयोजित कार्यशाला एवं स्वागत सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हम सब नई ऊर्जा और नई दिशा के साथ कार्य करेंगे ,पार्टी में हर कार्यकर्ता का सम्मान होगा ,संगठन को और मजबूत करने की दिशा में कार्य किया जाएगा, पार्टी में समन्वय बनाकर कार्य करेंगे।

# आदर्श में ग्राम उत्सव कार्यक्रम संपन्न

**डिंडौरी।**




मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद अमरपुर द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री के मंशानुसार आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत प्रस्तावित आदर्श ग्राम उसरीघुंडी में ग्राम उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें उपस्थित मंचासीन कुंवर सिंह उईके की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि सहायक प्राध्यापक केवल सिंह परस्ते, मुकद्दम जय सिंह मरावी, रघुवीर सिंह सैयाम युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष भाजपा एवं विकासखंड समन्वयक अमरलाल धुर्वे मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद अमरपुर द्वारा सर्वप्रथम भारत माता के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात मंचासीनों को तिलक एवं पुष्पहार से स्वागत किया गया। इसके बाद 25 से 40 वर्ष की महिला पुरुषों का देशी खेल प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें मटकी फोड़, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, रस्साकसी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम शैला, रीना की प्रस्तुति की गई। उक्त समस्त खेलों की विजेताओं एवं ग्राम के सामाजिक कार्यकर्ता, नाड़ी ज्ञान एवं जड़ी बूटी ज्ञान वैद्य, टॉपर छात्र, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सहायिका, कोटवार, मुकद्दम, साहसी व्यक्तियों को नवांकुर संस्था जीव दया एवं पर्यावरण संरक्षण समिति समनापुर रैयत अमरपुर द्वारा प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। इसके पूर्व विकासखंड समन्वयक अमरलाल धुर्वे द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा एवं आदर्श ग्राम के विषय तुलसी ग्राम, गौ ग्राम, जैविक खेती, जन सूचना केंद्र, संस्कार केंद्र, स्वच्छता, पौधारोपण, विवादहीन ग्राम के विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। जिसको ग्रामवासियों ने क्रमशःएक-एक विषयों को 100ः सामूहिकता एवं स्वैच्छिकता से पूर्ण कर ग्राम को आदर्श बनाने की सहमति प्रदान की गई तथा कुंवर सिंह उईके द्वारा शासकीय योजनाओं की क्रियान्वयन के साथ गांव को हर संभव मदद करने को कहा गया। इसके पश्चात मुकद्दम जय सिंह मरावी द्वारा गांव में सभी को संगठित होकर सभी विषयों को पूर्ण करने की अपील की गई तथा कार्यक्रम के अंत में तिलक सिंह सैयाम मेंटर्स द्वारा उपस्थित मंचासीन एवं ग्रामवासियों का आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम समापन के पश्चात सामूहिक भोजन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ग्रामवासी सम्मिलित रहे। इस पूरे कार्यक्रम में नवांकुर संस्थाओं से गणेश केवर्थ, राकेश कुमार मरावी, दशरथ मरावी, अरविंद यादव, श्याम सिंह धुर्वे, मेंटर्स राधेश्याम बनवासी, तिलक सिंह सैयाम, लाल सिंह ठाकुर, मनोज कुमार तंतुवाय तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से शेर सिंह, हनुमत सिंह एवं सदस्य तथा ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग रहा।

# अमरकंटक के क्रियायोग आश्रम में देश विदेश से पहुंचे संत

**अमरकंटक।** मां नर्मदा जी की उद्गम स्थली पवित्र नगरी अमरकंटक में माई की बगिया स्थित हरिहरानंद ध्यान कुटीर क्रिया योग आश्रम में 3 से 10 मार्च तक सन्यासी और ब्रह्मचारिणीयों की पूरे विश्व से 130 में से 91 सन्यासियों का समूह एकत्रित होकर आध्यात्मिक ध्यान साधना और संत मिलन समारोह आयोजन किया गया । विश्व प्रसिद्ध क्रियायोग संस्था क्रियायोग इंटरनेशनल संस्थान अमेरिका, प्रज्ञान मिशन भारत, क्रियायोग जेंड्रम ऑस्ट्रिया यूरोप, क्रियायोग आश्रम ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अमेरिका द्वारा आयोजित क्रियायोग इंटरनेशनल के प्रमुख क्रियायोग



विश्वगुरु परमहंस प्रज्ञानानन्द जी महाराज के नेतृत्व में हरिहरानंद ध्यान कुटीर आश्रम माई की बगिया स्थित अमरकण्टक में नौ दिवसीय संत-मिलन और ध्यान साधना शिविर में उपस्थित विभिन्न देशों के आश्रमों के ब्रह्मचारी, ब्रह्मचारिणी, सन्यासी एवं सन्यासियों द्वारा 8 मार्च को माई की बगिया आश्रम से प्रारंभ कर रोड के दोनों किनारों में फैले आस पास के कचरा को उठाते हुए आगे पैदल मार्च करते हुए स्वामी जी के सानिध्य में पावन उद्गम स्थल नर्मदा मंदिर क्षेत्र होते हुए नर्मदा नदी किनारे रामघाट स्थल के उत्तर तट के संपूर्ण क्षेत्र में 91 की टोली ने पर्यावरण स्वच्छता अभियान चला कर संदेश जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया गया । परमहंस प्रज्ञानानन्द जी महाराज ने बताया कि संपूर्ण भारत स्वच्छ रहे। नद नदी स्वच्छ रहे। शासन प्रशासन और नगर के जनमानस सभी स्वच्छता के कार्य में लगन लगाए। हमारे सभी सन्यासी माई की बगिया से रामघाट नर्मदा तट तक पर्यावरण स्वच्छता अभियान में सम्मिलित हुए । परमहंस स्वामी प्रज्ञानानंद स्वामी जी के नेतृत्व में पर्यावरण स्वच्छता अभियान सफलतापूर्वक आज संपन्न हुआ जिसमें अमरकण्टक ध्यान कुटीर प्रमुख स्वामी शुद्धानन्दगिरि जी महाराज, प्रयाग आश्रम से स्वामी परिपूर्णानंद गिरि, सियाटेल आश्रम से स्वामी आत्मविद्यानंद गिरि, टेक्सास आश्रम अमेरिका से स्वामी

## खबर संक्षेप

### दुष्कर्मी पिता को आजीवन कारावास

**नरसिंहपुर।** न्यायालय, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डॉ श्रीमती अंजली पारे के न्यायालय द्वारा नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने वाले पिता को दोष सिद्ध पाते हुए धारा- 5(द)/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में आजीवन कारावास (शेष प्राकृत जीवनकाल के लिए) एवं 5000- जुर्माना तथा धारा 5(स)/6 व धारा 5(उ)/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में क्रमशरू 20-20 वर्ष का सश्रम कारावास व 5000 - 5000 का जुर्माना तथा भादवि की धारा 506 (भाग-दो) में 03 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1000- जुर्माना से दंडित किया गया। पीड़ित बालिका की उक्त रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के विरुद्ध आरक्षी केंद्र गाडरवारा में अपराध क्रमांक 589/2024 पर संहिता की धारा, 376, 376 एबी, 376 (2) (एन), 376 (2) (च), 323, 506 एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 5(उ), 5(स), 5 (द), 6 कायम कर प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध की जाकर प्रकरण विवेचना में लिया गया। अनुसंधान के आगामी प्रक्रिया पर पीड़ित बालिका एवं अन्य साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किये गये, आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा अन्य आवश्यक अन्वेषण एवं कार्यवाही उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। आरोपी को दोषी सिद्ध पाते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी को उक्त सजा सें दंडित किया।

### लापरवाह वाहन चालक को सजा

**नरसिंहपुर।** गत दिवस न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गोटेगांव जिला नरसिंहपुर के न्यायालय द्वारा तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाने के प्रकरण में आरोपी दुर्गा प्रसाद ठाकुर निवासी-नूरी मोहल्ला मोहल्ला थाना गोटेगांव जिला नरसिंहपुर को दोष सिद्ध पाते हुए भा.द.वि. की धारा 279 भादवि 146/196, 184 मोटरयान अधि0 के अपराध में न्यायालय उठने तक का कारावास एवं क्रमशः 500-1000 -व 500- रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

### मारपीट के आरोपी को सजा

**नरसिंहपुर।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गोटेगांव जिला नरसिंहपुर के न्यायालय द्वारा मारपीट करने के प्रकरण में आरोपी भगवान सिंह लोधी निवासी- ग्राम चरगवाँ थाना गोटेगांव जिला नरसिंहपुर म.प्र.को दोष सिद्ध पाते हुए भा.द.वि. धारा 323 भा.द.स. में न्यायालय उठने तक का कारावास एवं 500- रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। प्रार्थी की उक्त रिपोर्ट के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना गोटेगांव में अपराध क्रं. 761/2021 भा.द.वि. की धारा 294, 324, 506 भा.दं.सं. के अंतर्गत पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। आहत घटनास्थल का नक्शा मौका पंचनामा बनाया गया एवं अनुसंधान पूर्ण होने पर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया ।

### पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज

**नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली निवासी युवक सिद्धार्थ पचैरी द्वारा शिवम श्रीवास्तव के विरूद्ध मामला दर्ज कराया गया। मामले मे बताया गया कि आरोपी के साथ आपसी लेनदेन किया गया था जिस पर पैसे लौटाने की एवज में शिवम द्वारा चैक दिया गया था जो कि बाउंस हो गया जिसका प्रकरण न्यायालय मे लंबित है जिसे निटाने के लिये आरोपी द्वारा युवक को झूठे मामले मे फसाने व डराया व धमकाया जा रहा है जिसे लेकर बीते दिवस रेलवे स्टेशन के पास अज्ञात लोगों द्वारा हमला कर दिया गया। युवक द्वारा पुलिस थाने स्टेशनगंज में प्रकरण दर्ज कराया गया है। पीड़ति की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है आवेदन मे बताया गया है कि आरोपी भाजपा पदाधिकारी है जिसके कारण घटना कारित कराने का अंदेशा बना हुआ है।






# मातृशक्ति का किया सम्मान



## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित हुये विविध कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज़, नरसिंहपुर।** गत दिवस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले के विविध शैक्षणिक तथा निजी तथा शासकीय संस्थानों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर महिला सशक्तिकरण पर विचार रखें गये। वर्तमान युग में महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र उत्कृष्ट कार्य कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के समर्पण त्याग तपस्या पर विचार रखे तथा उन्हे सशख्त बनने की बात कही। आज के युग में महिलाऐं पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है।

### एकता वाटिका में परिचर्चा का आयोजन

स्थानीय सच्चिदानंद आश्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के सशक्तिकरण पर परिचर्चा का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत के साथ किया गया। सच्चिदानंद आश्रम के संचालक फादर एंटो द्वारा महिला दिवस पर महिलाओं कि महत्वता पर प्रकाश डाला एवं नारी का महत्व बताया। छात्रा द्वारा उद्बोधन से जनमानस का मनमोहन लिया इसी श्रृंखला में खुशी बुनकर द्वारा जीत के माध्यम से अपनी बात रखी इस कार्यक्रम में प्रदीप पुरोहित रितु तोमर सिस्टर कौशिक ज्योति धुर्वे पूजा यादव सिस्टर पीजा मरिया सिस्टर पचमरी कुमारी तराना खान अपने कार्यक्रम में प्रस्तुति दी अध्यक्ष सुधीर सिंघाई अजय तुलसी अजय तुलसी प्रदीप पुरोहित एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### महिलाओं को जागरूक करने की आवश्यकता

जन शिक्षण संस्थान नरसिंहपुर द्वारा संस्थान कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में समाज सेविका श्रीमती उजाला नारोलिया मुख्य अतिथि, श्रीमती सुमन राजपूत श्रीमती गोदावरी कुशवाहा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान निदेशक आशीष कुमार सेन ने की। संस्थान निदेशक आशीष कुमार सेन ने उपस्थित सभी नारी शक्ति को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी और देश की विभिन्न सफल महिलाओं के प्रेरक प्रसंगों को बताया खासतौर पर देश की राष्ट्रपति के जीवन के अनेक प्रसंगों से प्रेरणा लेने की बात कही। समाज सेवी उजाला नरोलिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने और जागरुकता पैदा करने को लेकर अब कार्य की



गति तेज करने की जरूरत है। महिला दिवस के अवसर पर संस्थान के प्रशिक्षणार्थी महिलाओं व छात्राओं ने महिला हिंसा व दहेज कुप्रथा के लिए जागरूकता के लिए नाटिका प्रस्तुत की जिसकी सभी ने सराहना की। देहज कुप्रथा नाटक में रिया वंशकार, ज्योति सेन, अर्चना सेन, शिवानी ठाकुर, कुनिका नौरिया, सलोमी दास, मोक्षा नेमा एवं सरिता सेन ने प्रस्तुठती दी।

### देखा व सुना गया लाइव प्रसारण कार्यक्रम

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़यिा के मुख्य आतिथ्य व कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन के साथ किया गया। बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ कार्यक्रमों व गतिविधियों की श्रृंखला आयोजित किये गये, इसका समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुशाभाऊ ठाकरे सभागार भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिले की 2 लाख 9 हजार 773 लाड़ली बहनों के बैंक खाते में 25 करोड़ 49 लाख 51 हजार 450 रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला स्तर पर भी देखा व सुना गया। इस अवसर पर श्रीमती निशा सोनी, सदस्य स्थानीय परिवाद समिति श्रीमती गुलाब गुप्ता, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड रमाकांत दीक्षित, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति शिवकुमार रैकवार अधिकारी- कर्मचारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकताएं सहायिकाएं मौजूद थी।

### एम.आई.एम.टी. कॉलेज हुये विविध आयोजन

एम.आई.एम.टी. कॉलेज की गर्ल्स विंग इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती कृष्णा शर्मा प्राचार्य, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. स्वाति चांदोरकर तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती संध्या कोठारी का सम्मान किया गया। अतिथियों द्वारा आत्मसम्मान एवं चुनौतियों से निपटने के लिए छात्राओं से अपील की। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने उद्बोधन में महिलाओं से अधिकारो के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति जागरूक होने की अपील करते हुए नारी सशक्तिकरण की उपादेयता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में श्रीमती माधुरी पटवा द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती आराधना दुबे, सौम्या द्विवेदी, रिद्धि श्रीवात्री तथा अनुजा जैन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. दीपिका शर्मा द्वारा किया गया। सहायक प्राध्यापक विजेता सिधना द्वारा नारी सशक्तिकरण पर कविता प्रस्तुत की गई। निर्णायक की भूमिका का निर्वाहन श्रीमती अनुपमा लूनावत, श्रीमती भारती पटवा तथा श्रीमती भावना राजपूत द्वारा किया गया।



## मंत्री श्री पटेल ने किया उन्नति सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र का लोकार्पण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रलाद सिंह पटेल ने विकासखंड करेली के अंतर्गत करेली बस्ती में 50 लाख रुपये की राशि से नवनिर्मित उन्नति सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र का लोकार्पण फीता काटकर किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री सिंह ने नगर पालिका अध्यक्ष करेली श्रीमती सुशीला ममार, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका और अन्य महिला कर्मचारियों, पुलिस व महिला जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ देकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में मंत्री श्री पटेल ने एक हजार 132 स्वसहायता समूहों को संवर्धन हेतु बैंक से 28 करोड़ 27 लाख रुपये का चैक प्रदान किया। उन्होंने आजीविका मिशन की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मंत्री श्री पटेल ने करेली बस्ती में 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले भगवान बिरसा मुंडा भवन का भूमिपूजन किया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष चांवरपाठा सोबरन ठाकुर, कोयतोण गोंडवाना महासभा नरसिंहपुर के अध्यक्ष महेन्द्र कुमरे, ब्लाक अध्यक्ष नरसिंहपुर कमलेश उईके सहित के अन्य पदाधिकारी गण मौजूद थे।

### मारपीट के आरोपी को कारावास

**नरसिंहपुर।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गोटेगांव जिला नरसिंहपुर के न्यायालय द्वारा मारपीट करने के प्रकरण में आरोपी महफूज खान उर्फ बंटी खान एवं बबलू उर्फ मुशाहिद खान दोनो आरोपी निवासी-पटेल वार्ड गोटेगांव जिला नरसिंहपुर को दोष सिद्ध पाते हुए भा.द.वि. की धारा 323 भा द.स. में न्यायालय उठने तक का कारावास एवं 500- रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। प्रार्थी की उक्त रिपोर्ट के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना गोटेगांव में अपराध क्रं.830/2022 भा.द.वि. की धारा 294, 323, 506 भा.दं.सं. के अंतर्गत पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। आहत घटनास्थल का नक्शा मौका, पंचनामा बनाया गया एवं अनुसंधान पूर्ण होने पर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन




**नरसिंहपुर।** गत दिवस न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में जिला न्यायालय परिसर में भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा नरसिंहपुर, कृषि शाखा नरसिंहपुर, मंडी रोड नरसिंहपुर के साथ करेली और सुआतला की शाखाएं भी सम्मिलित हुई, जिसमें कालातीत खातों एवं एनपीए खातों को समझौते के माध्यम से निराकरण किया गया। इसमें हमारे क्षेत्रीय कार्यालय से क्षेत्रीय प्रबंधक आलोक बनर्जी, मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक मुख्य शुभम श्रीवास्तव, कृषि शाखा के प्रबंधक विनोद सिंह, मंडी रोड शाखा के प्रबंधक अंकित चौधरी के साथ सभी शाखाओं के क्षेत्राधिकार उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत में 128 प्रकरणों में 256 लोग हुए लाभान्वित

**तेंदूखेड़ा।** शनिवार को तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा तहसील न्यायालय तेंदूखेडा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति श्री अरविंद मीणा के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। सम्मानीय अधिवक्ता संघ के साथ साथ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सोनाटा फाइनेंस बैंक पंजाब नेशनल बैंक म०प्र० ग्रामीण बैंक इत्त्यादि बैंको के कर्मचारी बैंको से संबंधित पक्षकार एवं समस्त न्यायालयीन स्टाफ उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत में पारिवारिक विवाद सिविल प्रकरण राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण जल विद्युत कर आदि से संबंधित प्रकरणो अन्य प्रकरणों का आसानी से




आपसी समझौते से निराकरण किया गया। जिसमें कुल प्रीलिटीगेशन के 128 प्रकरण निराकृत हुए जिसमें 474397 रूपये की राशि का समझौता हुआ जिसमें 256 व्यक्ति लाभान्वित हुए । न्यायालय में कुल 18 प्रकरण निराकृत किये जिसमें 50 व्यक्ति लाभान्वित होकर 775222 रूपये का समझौता निराकरण हुआ। समझौता करने वाले पक्षकारों को वृक्ष भेंट कर नेशनल लोक अदालत के माध्यम से समझौता करने हेतु धन्यवाद आभार व्यक्त किया गया।लोक अदालत के माध्यम से नगर परिषद के अंतर्गत संपत्ति कर 159 जलकर 300 एवं दुकान किराए के 21 प्रकरणों सहित कुल 480 प्रकरणों की कुल राशि 7418281 रुपये में से 124 प्रकरण निराकृत हुए जिसमें 255397 रुपये वसूल हुए। इनमें संपत्ति कर में 54 जलकर में 64 दुकान किराए में 06 प्रकरण शामिल हैं।

## मनमाने तरीके से बाहन खड़े होने से आवागमन में हो रही परेशानी



**तेंदूखेड़ा।** नगर में मनमाने तरीके से बाहन खड़े होने से जहां आवागमन में परेशानी हुआ करती है वहीं पैदल आने जाने वाले लोगों और बाजार के दिन व्यापारी वर्ग को भी परेशानी हुआ करती है। तेंदूखेड़ा के पुराने बस स्टैंड से लेकर मंडी तिगड्डा तक जाने वाली मुख्य सड़क मार्ग पर आये दिन यह समस्या ज्यादातर देखने को मिला करती है।इसी सड़क मार्ग पर जहां लेन देन की संस्थायें राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाएं हैं वहीं डाक्टरों की क्लीनिकें भी है। बैंकों में लेन देन करने आने वाले लोग अपने मनमाने ढंग से अपने अपने बाहन खड़े करके चले जाते हैं वहीं मरीज वर्ग भी लंबे समय तक मुख्य सड़क मार्ग पर अपने बाहन खड़े करके रखते हैं।जिस कारण से भारी बाहनों को निकलने में परेशानी होती है। छोटे बाहन चालक भी दुकानों के सामने बाहन खड़ा करके चले जाते हैं। इससे अन्य दुकानदारों को निकलने में परेशानी होती है। चूंकि यह स्थिति केवल इसी सड़क मार्ग पर ही नहीं बल्कि डोभी सड़क मार्ग से लेकर एन एच 45 मुख्य सड़क मार्ग पर भी बनीं हुई है।इस व्यवस्था से जहां आम वर्ग पैदल चलने में परेशान हो रहा है वहीं घटनाएं दुर्घटना भी बढ़ती चली जा रही है।समय रहते इन सभी अव्यवस्थाओं पर तत्काल प्रभाव से लगाम लगाने की महती आवश्यकता है।

## संघर्ष की प्रतिमूर्ति हैं नारी

### महाविद्यालय में मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस




**तेंदूखेड़ा।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई महिला महाविद्यालय के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरस्वती पूजन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में संस्था वरिष्ठ प्राध्यापक सीताराम रैकवार द्वारा महिला सम्मान भारतीय परंपरा रही है जहां नारियों का सम्मान होता है वहां देवता निवास करते हैं हमारी संस्कृति में महिलाओं को समाज और राष्ट्र का प्रमुख आधार बताया है। हमारे देश में महिलाओं को देवी स्वरूप में पूजने की लंबी परंपरा रही है। आधुनिक युग में भी महिलाओं ने सभी क्षेत्रों में अपनी योग्यता और प्रतिभा का परिचय दिया है। महाविद्यालय प्रभारी रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अरुणा जैन ने रासेयो के माध्यम से छात्राओं द्वारा व्यक्तित्व विकास करते हुए समाज और राष्ट्र में अपनी भूमिका निभाने का संदेश दिया है ।इसी श्रृंखला में सहायक प्राध्यापिका डॉ रश्मि साहू आनंद धारा जैन एन सी सी अधिकारी श्रीमती रोमी मालवीय ने एवं देवानंद धानक ने अपने अपने विचार रखते हुए आदिकाल से ही नारी को संघर्ष की प्रतिमूर्ति बताते हुए नारी सम्मान की विस्तार से चर्चा की।कार्यक्रम में श्रीमती सरिता जैन श्रीमती महिमा जैन नितिन सोनी संतोष पटेल राहुल कुशवाहा साक्षी पांडे शिवानी रैकवार सोना शर्मा सहित समस्त स्टाफ और छात्राओं की सहभागिता रही।